भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2052

06 दिसम्बर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र

2052. श्री गोपाल जी ठाकुरः
श्रीमती विजयलक्ष्मी देवीः
श्री नलिन सोरेनः
श्री चन्द्र प्रकाश चौधरीः

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बिहार और झारखंड में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत अब तक अनुमोदित आयुष सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों/स्वास्थ्य और आरोग्य केन्द्रों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) झारखंड और बिहार राज्यों विशेषकर दरभंगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में उक्त मिशन के अंतर्गत स्वीकृत अस्पतालों के लिए अब तक कितनी धनराशि स्वीकृत/आबंटित/उपयोग की गई है;

(ग) राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य सहित इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा इसे समय पर पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): चूंकि जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए आयुष सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों/स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना बिहार और झारखंड सहित संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, बिहार और झारखंड सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को 50/30/10 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का प्रावधान है।

इसके अलावा, बिहार और झारखंड की राज्य सरकारों से राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, आयुष मंत्रालय ने बिहार के पटना, दरभंगा, खगड़िया और गोपालगंज जिलों में एकीकृत आयुष अस्पतालों (आईएएच) की 4 इकाइयों और झारखंड राज्य में रांची, गुमला, बोकारो, देवघर, पलामू, दुमका और जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम) में आईएएच की 7 इकाइयों को स्वीकृति दी है। बिहार और झारखंड राज्य में स्वीकृत/आबंटित/उपयोग की गई निधि के साथ जिला-वार एकीकृत आयुष अस्पतालों की जानकारी **संलग्नक-I** पर दी गई है तथा बिहार और झारखंड राज्य के लिए स्वीकृत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थिति क्रमशः **संलग्नक-II** और **संलग्नक-III** पर दी गई है।

(ग) और (घ): चूंकि एनएएम योजना का कार्यान्वयन राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है, इसलिए मंत्रालय द्वारा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विशिष्ट लक्ष्य और उनका समय पर पूरा होना तय नहीं किया जा रहा है।

*****

संलग्नक-I

बिहार और झारखंड राज्य में स्वीकृत/उपयोगिता के साथ जिला-वार अनुमोदित एकीकृत आयुष अस्पताल।

क्र.सं.	स्थान (जिला)	अनुमोदन का वर्ष	बिस्तरों की संख्या	जारी निधि (लाख रुपये में)	उपयोग की गई निधि (राज्य सरकार द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार) (लाख रुपए में)	स्थिति

बिहार						
1	पटना	2015-16	50	902.7	853.20	निर्माण पूरा हो गया
	गोपालगंज	2023-24	50	500.00	0.0	निर्माण शुरू नहीं हुआ
	खगड़िया	2023-24	50	500.00	0.0	निर्माण शुरू नहीं हुआ
	दरभंगा	2023-24	50	500.00	0.0	निर्माण शुरू नहीं हुआ
झारखंड						
2	रांची	2019-20	50	1500	414.51	निर्माणाधीन
	गुमला	2022-23	10	750	0	निर्माण शुरू नहीं हुआ
	बोकारो	2022-23	10	750	31.55	निर्माणाधीन
	देवघर	2022-23	10	750	49.73	निर्माणाधीन
	पलामू	2022-23	10	750	32.46	निर्माणाधीन
	दुमका	2022-23	10	750	91.97	निर्माणाधीन
	जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)	2022-23	50	1500	130.91	निर्माणाधीन

बिहार राज्य के लिए स्वीकृत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की स्थिति

क्र.सं.	जिले का नाम	स्वीकृत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की संख्या
1.	अररिया	4
2.	अरवल	2
3.	औरंगाबाद	16
4.	बांका	4
5.	बेगूसराय	9
6.	भागलपुर	8
7.	भोजपुर	4
8.	बक्सर	7
9.	दरभंगा	**35**
10.	पूर्वी चंपारण	15
11.	गया	4
12.	गोपालगंज	7
13.	जमुई	3
14.	जहानाबाद	4
15.	कैमूर (भभुआ)	5
16.	कटिहार	4
17.	खगड़िया	2
18.	किशनगंज	11
19.	लखीसराय	1
20.	मधेपुरा	2
21.	मधुबनी	13
22.	मुंगेर	4
23.	मुजफ्फरपुर	15
24.	नालन्दा	8
25.	नवादा	10
26.	पटना	22
27.	पूर्णिया	16
28.	रोहतास	7
29.	सहरसा	6
30.	समस्तीपुर	9
31.	सारण	2
32.	शेखपुरा	1
33.	शिवहर	1
34.	सीतामढ़ी	6
35.	सिवान	8
36.	सुपौल	3
37.	वैशाली	12
38.	पश्चिमी चंपारण	4
39.	**कुल**	**294**

संलग्नक-III

झारखंड राज्य के लिए स्वीकृत आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थिति

क्र.सं.	जिले का नाम	स्वीकृत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की संख्या

1.	बोकारो	38
2.	चतरा	31
3.	देवघर	35
4.	धनबाद	27
5.	दुमका	19
6.	पूर्वी सिंहभूम	30
7.	गढ़वा	48
8.	गिरिडीह	25
9.	गोड्डा	36
10.	गुमला	35
11.	हजारीबाग	36
12.	जामताड़ा	36
13.	खूंटी	28
14.	कोडरमा	34
15.	लातेहार	33
16.	लोहरदगा	26
17.	पाकुर	22
18.	पलामू	42
19.	रामगढ़	28
20.	रांची	20
21.	साहेबगंज	19
22.	सरायकेला	33
23.	सिमडेगा	30
24.	पश्चिमी सिंहभूम	34
25.	**कुल**	**745**